# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Pvc/8871 26/7/2021 FC/2494 26/7/21

दिनांक : 22.07.2021

## समिति की आख्या

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष/समन्वयक/शिक्षकों के द्वारा विभिन्न उपकरणों (कम्प्यूटर/लैपटॉप/लैब उपकरण इत्यादि) के क्रय/AMC/रिपेयर आदि की उपयोगिता/आवश्यकता के औचित्य के परीक्षण हेतु मा० कुलपति जी द्वारा गठित समिति को प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करने हेतु दिनांकः 20.03.2021 हुई बैठक में कतिपय प्रस्तावों पर समिति द्वारा लागई गई आपत्ति का निस्तारण किये जाने हेतु आज दिनांकः 22.07.2021 को समिति कक्ष में सायं 3:00 बजे एक बैठक आहूत की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रो० वाई० विमला | प्रति–कुलपति |
| 2. प्रो० नवीन चन्द लोहनी | संकायाध्यक्ष, कला संकाय |
| 3. प्रो० मृदुल कुमार गुप्ता | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय |
| 4. प्रो० हरे कृष्ण | संकायाध्यक्ष, इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नॉलोजी संकाय |
| 5. प्रो० एस०एस० गौरव | संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय |
| 6. प्रो० जयमाला | निदेशक, एस०सी०आर०ई०टी० |

समिति द्वारा पूर्व में लागई गई आपत्ति के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों के पत्रों में उल्लिखित आवश्यकताओं के सम्बन्ध में समिति ने गहन विचार–विमर्श किया। समित विभिन्न विभागों की आवश्यकता का संज्ञान लेतु हुए निम्नांकित संस्तुति करती है:–

1. प्रो० ए० के० चौबे, जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा विभागीय समिति द्वारा प्रस्तावित (Upright Fluorescence Microscope (Ni-U) रू0 37,47,450-00) की मांग की गई थी, जिसे औचित्य समिति ने किसी प्रोजेक्ट के द्वारा क्रय करने के लिए संस्तुत किया था। जिसके उत्तर में विभागीय समिति द्वारा पुनः अवगत कराया गया है कि यह अत्यधिक आवश्यक उपकरण है, जो प्रोजेक्ट से उपलब्ध नहीं हुआ है तथा जिससे आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कराने में भी असुविधा होती है।

   अतः औचित्य समिति का मत है कि उक्त माईक्रोस्कोप विश्वविद्यालय द्वारा क्रय कर विभाग को केन्द्रीय सुविधा में उपयोग करने हेतु प्रदान किया जाये, जिससे अन्य विभागों के विद्यार्थी से सम्बन्धित कार्य के उपयोग में लाया जा सकेंगें।
2. डॉ० अशोक कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा क्लोरोफिल मीटर तथा बायोएनलाइजर का प्रस्ताव औचित्य समिति को प्रेषित किया गया था, विभागीय समिति के माध्यम से बजट का आगणन कर पुनः प्रेषित किया गया है, जो लगभग रू0 5,30,000/– का है।
3. औचित्य समिति का मत है कि ऐसे सभी उपकरण जिनका मूल्य एक लाख रूपए से अधिक है, वे सभी केन्द्रीय सुविधा के रूप में आवश्यकता एवं औचित्य के अनुसार विभागों को प्रदान किए जाने चाहिए, जिससे अन्य विभागों में इनके क्रय की पुनरावृत्ति न हो एवं इस प्रकार के उपकरणों की उपलब्धता अन्य विभागों को भी सुनिश्चित की जाए।
4. अर्थशास्त्र विभाग के विभागध्यक्ष द्वारा फोटोकापी मशीन की मांग की गई, क्योंकि विभाग में कोई भी फोटोकापी मशीन नहीं हैं, जिससे कठिनाई हो रही है।

   औचित्य समिति का मत है कि विभाग को एक ब्लैक/व्हाईट फोटोकापीयर मशीन (लगभग एक लाख रू0) की प्रदान की जाये। रंगीन प्रिंटर के सम्बन्ध में समिति का मत है कि इसका सतत उपयोग न हो पाने के कारण रख रखाव कठिन है। अतः रंगीन प्रिटिंग की आवश्यकतानुसार बिल आफर पर विभागीय कंटीजेंसी से बाजार से कार्य कराया जाना उपयुक्त होगा।

(प्रो० वाई० विमला) 22/7/21 | (प्रो० नवीन चन्द लोहनी) | (प्रो० मृदुल कुमार गुप्ता)

(प्रो० हरे कृष्ण) 22/7/2021 | (प्रो० एस०एस० गौरव) 22/7/2021 | (प्रो० जयमाला) 22-7-2021

Submitted for kind perusal and approval of the honourable Vice-Chancellor.

F.O. For necessary action 26/7/21

Approved 22-7-21

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

दिनांक : 20.03.2021

## समिति की आख्या

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष/समन्वयक/शिक्षकों के द्वारा विभिन्न उपकरणों (कम्प्यूटर/लैपटॉप/लैब उपकरण इत्यादि) के क्रय/AMC/रिपेयर आदि की उपयोगिता/आवश्यकता के औचित्य के परीक्षण हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति की एक बैठक दिनांकः 20.03.2021 को कुलपति कक्ष में सायं 3:00 बजे आहूत की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो0 वाई0 विमला — प्रति–कुलपति
2. प्रो0 नवीन चन्द लोहनी — संकायाध्यक्ष, कला संकाय
3. प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता — संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय
4. प्रो0 हरे कृष्ण — संकायाध्यक्ष, इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नॉलोजी संकाय
5. प्रो0 एस0एस0 गौरव — संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय
6. प्रो0 जयमाला — निदेशक, एस0सी0आर0ई0टी0

समिति द्वारा वित्त अधिकारी के माध्यम से प्राप्त दो सूचियों में अंकित विभिन्न विभागों के पत्रों में उल्लिखित आवश्यकताओं के सम्बन्ध में समिति ने गहन विचार–विमर्श किया। समित विभिन्न विभागों की आवश्यकता के सम्मुख निम्नांकित संस्तुति करती हैः–

| क्रम सं0 | विभाग | आवश्यकता | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | डा0 जे0 ए0 सिद्दीकी, उप–पुस्तकालयाध्यक्ष, राजा महेन्द्र प्रताप पुस्तकालय | One new computer (हिन्दी के थीसिस चैक करने के लिये एक नया सॉफटवेयर चैक फोर प्लेग हेतु) | उचित है। संस्तुत |
| 2. | प्रो0 एस0एस0गौरव, नोडल ऑफिसर, इन्टलेक्चुअल प्रोपर्टी सेल | 1. One computer<br>2. One 3 in 1 printer<br>(इन्टलेक्चुअल प्रोपर्टी सेल हेतु) | क्र0सं0 02 एवं 03 के लिए एक ही कम्प्यूटर व प्रिन्टर सेट संस्तुत। |
| 3. | प्रो0 एस0एस0गौरव, नोडल ऑफिसर, सर्वे ऑन हॉयर एजुकेशन, एम0एच0आर0डी0 सेल | 1. One computer<br>2. One 3 in 1 printer<br>(एम0एच0आर0डी0 सेल हेतु) | ................. |
| 4. | प्रो0 एस0एस0गौरव, समन्वयक, बायोटेक्नोलौजी विभाग | 1. One HP LaserJet Printer-1005<br>( बायोटेक्नोलॉजी विभाग हेतु) | विभागीय कन्टीजेन्सी से क्रय करने की संस्तुति की जाती है। ✓ |
| 5. | प्रो0एस0एस0गौरव, समन्वयक, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | 2. One HP LaserJet Printer-1005<br>(बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हेतु) | विभागीय कन्टीजेन्सी से क्रय करने की संस्तुति की जाती है। ✓ |
| 6. | प्रो0 एस0के0दत्ता, रूसी भाषा विभाग | 1. Five computers (i-7)<br>2. Two scanner (cannon) | उचित है। संस्तुत |
| 7. | प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग | 1. Xerox Versalink colour Multifunction Printer (Model no- C7020)<br>2. | Budget Justification नहीं किया गया है। |

P.A.
20/4/21

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | समन्वयक, संस्कृत भाषा विभाग | 1. One Scanner Printer<br>2. One Photostate machine | संस्तुत। |
| 9. | डा0 अर्चना शर्मा, समन्वयक, गृह विज्ञान विभाग | 1. e-Board-02<br>2. Laptop-02 | विभागीय कन्टीजेन्सी से क्रय करने की संस्तुति की जाती है। |
| 10. | प्रो0 बीर पाल सिंह, कुलानुशासक | Photocopy machine-01 | संस्तुत। |
| 11. | प्रभारी, कमेटी सैल | All-in-one Photocopy machine-01 | संस्तुत। |
| 12. | प्रो0 एस0एस0 गौरव, समन्वयक, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | 1- 15 monocular microscopes, Approx cost 3.00 lakhs.<br>2- 01 Autoclave, 20-25 liter internal sterilization chamber (Prof. S.S. Gaurav), Approx cost 2.00 lakhs.<br>3- 02, 320 lit refrigerator (Prof. S.S. Gaurav), Approx cost 2.00 lakhs.<br>4- 02 laptops with latest configurations (Dr. Rahul & Prof. Shailendra Sharma)<br>5- 01 Incubator shaker (~6cuft) (Dr. Dharmendra Pratap) , Approx cost 2.00 lakhs. | विभागीय कन्टीजेन्सी से क्रय करने की संस्तुति की जाती है। |
| 13. | प्रो0 आर0 के0 सोनी, रसायन विज्ञान विभाग | Electronic weighing balance | संस्तुत। |
| 14. | प्रो0 बीर पाल सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | Electrochemical Analysis Workstation (Spectroscopy System) along with required accessories | रू0 10 लाख तक एम0एससी0 छात्र/छात्राओं के लिए संस्तुति की जाती है। |
| 15. | प्रो0 बीर पाल सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | 1. AMC for Scanning Electron Microscope (Zeiss, EVO 18-20-21) | विभागीय समिति के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किया गया है। |
| 16. | प्रो0 एच0 एस0 सिंह, जन्तु विज्ञान विभाग | AMC for JEOL JCM 5000 Microscope and replacement of few components | 80000.00 और जी0एस0टी0<br>ए0 एम0 सी0 की नीति अन्य उच्च उपकरणों की भांति |
| 17. | प्रो0 अजय विजय कौर, विभागाध्यक्षा, इतिहास विभाग | 1. दो स्मार्ट क्लास रूम बनाया जाना एवं कमरों में नया फर्नीचर<br>2. म्यूजियम हेतु हॉल, म्यूजियम हेतु आवश्यक सामग्री/पुरातात्विक वस्तुयें इत्यादि क्रय हेतु रू0 20 लाख प्रदान किया जाना।<br>3. प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में दो बार विभाग के शिक्षकों द्वारा छात्रों को आवश्यक फील्ड वर्क/सर्वे वर्क के रूप में ऐतिहासिक/पुरातात्विक स्थलों/राष्ट्रीय संग्रहालयों के भ्रमण कराने हेतु रू0 2 लाख प्रदान किया जाना।<br>4. सेमिनार हॉल में पर्दे व नीचे टाईलस आदि कन्सट्रक्शन का कार्य किया जाना।<br>5. बी0ए0 पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु 03 कमरे बनाया जाना।<br>6. दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला हेतु (18 से 19 मार्च, 2021) के लिए रू0 03 लाख प्रदान किया जाना।<br>7. सास्कृतिक सग्रहालय हेतु रू0 02 लाख। | विभागीय समिति के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किया गया है।<br>औचित्य समिति मात्र उपकरण पर व्यय पर संस्तुति देती है। |
| 18. | प्रो0 दिनेश कुमार, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग | 1. बी0ए0 (ऑनर्स) स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम अर्थशास्त्र विभाग 03 नए कक्ष, 01 | 1. उचित है किन्तु भवन निर्माण समिति में रखा जाये। |

20/3/2021

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कम्प्यूटर लेब एवं एक पुस्तकालय बनाया जाना।<br>2. एक कलर फोटोकॉपी मशीन (लेटैस्ट)।<br>3. बी0ए0 ऑनर्स के कार्यालय हेतु 01 कम्प्यूटर सेट (प्रिंटर सहित) एवं कम्प्यूटर लेब हेतु 04 अतिरिक्त कम्प्यूटर सेट।<br>4. कम्प्यूटर लेब हेतु 02 स्पीलिट एयर कडीशनर।<br>5. 02 स्मार्ट क्लास रूम।<br>6. 01 शिक्षण कक्ष हेतु एवं 01 कम्प्यूटर लेब हेतु एल0सी0डी0 प्रॉजेक्टर (लेटैस्ट)। | 2. स्पष्ट आख्या सहित प्रस्तुत किया जाए।<br>3. कुल उपलब्ध कम्प्यूटर की संख्या व स्थिति स्पष्ट की जाए।<br>4. बी0ए0 ऑनर्स की ग्रान्ट से संस्तुत।<br>5. 01 संस्तुत।<br>6. 1 एल0सी0डी0 संस्तुत। |
| 19. | श्री एस0के0 दत्ता | 1. Construction of 02 halls :- 01 the Department Libarary, 02 Audio-Visual Classroom | 1. ~~संस्तुत~~ (औचित्य समिति के परीक्षणोपरान्त)<br>2. संस्तुत (Smart Class Room प्रस्ताव के अन्तर्गत 1 कक्ष) |
| 20. | प्रो0 स्नेहलता जसवाल, विभागाध्यक्षा, मनोविज्ञान विभाग | 1. E Prime+ Chronos for Experimental Laboratory Quantity =05, Rs. 900000.00<br>2. Desktop Computers and their peripherals for the Computer Laboratory Quantity =10, Rs. 500000.00<br>3. Advanced desktop Computers with solid state drives for Experimental Psychology Laboratory Quantity =02 Rs. 160000.00<br>4. Hp Laserjet Multi Function Printers Quantity =03, Rs. 60000.00<br>5. Sony Bravia 138.8 cm (55 inches) 4k Ultra HD Certified Android LED TV for Smart Classrooms Quantity =03 , Rs. 300000.00<br>6. Departmental Functions Rs.200000.00<br>7. Contingency Rs. 300000.00 | क्र0सं0 01 से 05 तक पूर्व में भी मा0 कुलपति जी द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।<br><br>क्र0सं0 06 से 07 की संस्तुति क्रय समिति के माध्यम नहीं की जा सकती है। |
| 21. | प्रो0 रूपनारायण, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग | 1. 01 स्मार्ट क्लास रूम<br>2. 30 पुराने माईक्रोस्कोप को नये माईक्रोस्कोप से बदला जाना।<br>3. 01 लैपटाप तथा 01 डैस्कटाप प्रिंटर सहित (प्रो0 रूप नारायण हेतु), 01 लैपटाप (डॉ0 विजय मलिक हेतु), 01 लैपटाप व प्रिंटर (डॉ0 रमाकान्त हेतु), ऑनलाईन यू0पी0एस0 (लैब हेतु)<br>4. लैब हेतु उपकरण क्लोरोफिल मीटर एवं बायोएनालाईजर<br>5. एम0एससी0 कक्षा हेतु 30 कुर्सियाँ,<br>6. कक्ष संख्या 111 में ए0सी0 लगाया जाना।<br>7. कम्प्यूटर लैब के 15 पुराने कम्प्यूटर को 15 नये कम्प्यूटर से बदला जाना। | क्र0सं0 01 से 03 एवं 05 से 07 तक की संस्तुति की जाती है।<br><br>क्र0सं0 04 पर अंकित उपकरण की अनुमानित बजट प्रस्तुत किया जाए। |

20/3/2021

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | डॉ0 जे0ए0 सिद्दीकी, उप पुस्तकालयाध्यक्ष | 1. i2S CopiBook OS A2+BookScanner | क्रय करने हेतु संस्तुति की जाती है। |
| 23. | प्रो0 एस0एस0 गौरव, समन्वयक, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | 1. Shimadzu UV-1800 UV/Vsisble Scanning Spectrophotometer: 115 VAC, Approx. Cost Rs. 4.00 lakh<br>2. PCR- Aluminium Alloy Rectangular Bio Rad C1000 Thermal Cycler, Capacity: 96 Samples PCR, Approx Cost Rs 5.00 lakh<br>3. Micro Lab Elisa Plate Reader, Model Microlisa Plus Approx cost Rs. 2.00 lakhs<br>4. Systronics India Ltd. Laboratory Fermenter Approx cost Rs. 3.00 lakhs<br>5. Bangalore GeNei Vertical electrophoresis Approx cost Rs. 0.50 lakh<br>6. Lab India PICO Plus pH Meter 3 Point Approx cost Rs. 0.50 lakh<br>7. Fridge- 320 lt-02 N0's Approx Cost Rs 1.00 lakh<br>8. One Projection system Approx cost Rs 2.00 lakh<br>9. Chemical & Glassware Approx cost Rs 2.00 lakh<br>10. 10- Computer with latest configuration and three Printer (3 in 1)<br>Total Approx cost Rs 20.00 lakhs only | विभागीय समिति के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किया गया है।<br>स्व वित्त पोषित विभाग होने के कारण, अपने बजट से नियमानुसार क्रय कर सकते हैं। |
| 24. | प्रो0 ए0के0 चौबे, जन्तु विज्ञान विभाग | 1. Upright Microscope model Ni-U with accessories Approx cost Rs 37,47,450.00 | From project such expensive Microscope may be purchased.<br>Such expensive equipment need to be made as central facility. Confocal Microscope too has yet not been entered in stock registers nor has been declared central facility |
| 25. | प्रो0 बीर पाल सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | 1. Repair of 10 KW UPS Estimated Cost Rs. 88900.00 | संस्तुत। |

(प्रो0 वाई0 विमला) (प्रो0 नवीन चन्द लोहनी) (प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता)

20/3/2021
(प्रो0 हरे कृष्ण) (प्रो0 एस0एस0 गौरव) (प्रो0 जायमाला)

माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत 20/3/21

Approved
20/3/21

F.O.

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 09.12.2020

## समिति की आख्या

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष/समन्वयक/शिक्षकों के द्वारा विभिन्न उपकरणों (कम्प्यूटर/लैपटॉप/लैब उपकरण इत्यादि) के क्रय/AMC/रिपेयर आदि की उपयोगिता/आवश्यकता के औचित्य के परीक्षण हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति की एक बैठक दिनांक: 09.12.2020 को कुलपति कक्ष में सायं 3:00 बजे आहूत की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो0 वाई0 विमला — प्रति–कुलपति
2. प्रो0 नवीन चन्द्र लोहनी — संकायाध्यक्ष, कला संकाय
3. प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता — संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय
4. प्रो0 हरे कृष्ण — संकायाध्यक्ष, इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नॉलोजी संकाय
5. प्रो0 एस0एस0 गौरव — संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय
6. प्रो0 जयमाला — निदेशक, एस0सी0आर0ई0टी0

समिति द्वारा वित्त अधिकारी के माध्यम से प्राप्त दो सूचियों में अंकित विभिन्न विभागों के पत्रों में उल्लिखित आवश्यकताओं के सम्बन्ध में समिति ने गहन विचार–विमर्श किया। समित विभिन्न विभागों की आवश्यकता के सम्मुख निम्नांकित संस्तुति करती है:-

प्रथम सूची

| क्रम सं0 | विभाग | आवश्यकता | टिप्पणी | संस्तुति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नीलू जैन गुप्ता, विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग | Freeze centrifuge equipment preferably make Eppendrof /Remi | | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 2. | प्रो0 नीलू जैन गुप्ता, विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग | Hot and Cold Air Conditioners | | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य एवं अनुमानित व्यय के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 3. | प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा, विभागाध्यक्ष, जैनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रिडिंग विभाग | 1. 5 Kva, single phase, meter-digital/ordinary, 140-280 volt, output 220, Quantity required-3<br>2. 4 Kva normal AC Stabilizer | | 1. विश्वविद्यालय अभियन्ता– जिस प्रयोगशाला में रूपये 10 लाख या अधिक के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है वहाँ सभी उपकरणाके की सुरक्षा हेतु ऐसे Servo/Stabilizers का लगाया जाना उचित होगा।<br>2. संस्तुत |
| 4. | प्रो0 जयमाला, निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, विश्वविद्यालय परिसर | 1. Two heavy duty latest multi-tasking photocopier machines<br>2. Four multi-tasking photocopier machines | निदेशक | 1. परीक्षा प्रकोष्ठ के लिए प्रत्येक कॉपीयर हेतु अधिकतम रू0 पांच लाख तक की संस्तुति की जाती है।<br>2. प्रत्येक कॉपीयर हेतु अधिकतम रू0 दो लाख अधिकतम सीमा रू0 20 लाख तक एस0सी0आर0आई0ई0टी0 के बजट से संस्तुति की जा सकती हैं।<br>~~विभागीय~~ समिति के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |

9/12/2020

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | प्रो० पी० के० शर्मा, निदेशक, प्लांट प्रोटेक्शन विभाग | 1. Two new laptops with headphones<br>2. One laser printer cum photocopier | | सम्बन्धित स्ववित्त पोषित विभागों को उनके ही बजट से 2 desktop + 01 प्रिंटर/फोटो कॉपीयर क्रय करने की अपेक्षा की जा सकती है।<br>विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 6. | डा० राजीव सिजेरिया, एस०सी०आर०आई०ई०टी०, | One i-7 laptop with latest configuration | | वर्तमान परिस्थिति में संस्तुति नहीं की जा सकती है। |
| 7. | डा० अजय कुमार, कान्ट्रैक्ट फैकल्टी, प्लांट प्रोटेक्शन विभाग (प्रो० पी० के० शर्मा, निदेशक द्वारा अग्रसारित) | 1. Gel Documentation System<br>2. Storage Cabinet (2°C~8°C Medical Refrigerators) | | स्ववित्त पोषित विभाग अपने स्वयं के बजट से प्रावधान कर सकते है व जेम पोर्टल से क्रय करने की प्रक्रिया कर सकते हैं तथा पुनः समन्वयक के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 8. | प्रो० एस०एस० गौरव, निदेशक, बायोटेक्नोलॉजी विभाग | Gel Documentation System | समन्वयक | स्ववित्त पोषित विभाग अपने स्वयं के बजट से क्रय करने की संस्तुति की जाती है।<br>~~विभागीय समिति~~ के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 9. | प्रो० शिवराज सिंह, गणित विभाग | Core i-7 Laptop | | अन्य शिक्षकों की भाँति एक लैपटॉप विश्वविद्यालय से प्राप्त कर चुके हैं। दूसरे लैपटॉप की क्रय 04 वर्ष के अन्तराल के पश्चात ही सम्भव हैं।<br>विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 10. | प्रो० नीलू जैन गुप्ता, विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग | M.Sc.IV sem. Zoology specialization CHORONOBIOLOGY हेतु उपकरण | यह specialization पूर्व में भी विभाग में था। अतः स्पष्ट इंगित करें। | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 11. | प्रो० अशोक कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग | 1. SPAD 502 Plus Chlorophyll Meter<br>2. Bioanalyzer | ई–निविदा सं० FC/395, dt:25.11.2019 विज्ञापित की गयी, किन्तु तकनीकी विशिष्टताऐं पूर्ण न करने के कारण ई–निविदा समिति द्वारा पुनः अल्पकालीन निविदा कराने का निर्णय लिया गया। जैम पोर्टल पर उपलब्ध न होने की रिपोर्ट संलग्न। | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 12. | प्रो० ए० के० चौबे, जन्तु विज्ञान विभाग | Upright Fluoresence Microscope (Ni-U) | ई–निविदा सं० FC/395, dt:25.11.2019 विज्ञापित की गयी, किन्तु तकनीकी विशिष्टताऐं पूर्ण न करने के कारण ई–निविदा समिति द्वारा पुनः अल्पकालीन निविदा कराने का निर्णय लिया गया। जैम पोर्टल पर उपलब्ध न होने की रिपोर्ट संलग्न। प्रो० चौबे द्वारा Proprietary item होना अवगत। | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य एवं बजटीय प्रावधान के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |

9/12/2020

द्वितीय सूची

| क्रम सं0 | विभाग | आवश्यकता | टिप्पणी | संस्तुति |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | डा0 अनिल कुमार यादव, असि0प्रो0, भौतिक विज्ञान विभाग | Repair of 10 KW UPS | | आगणन (Estimate) का प्रस्तुत करें। विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 2. | डा0 रमा कान्त, एसो0प्रो0, वनस्पति विज्ञान विभाग, | 1. Laptop<br>2. Headphone with inbuilt attached mike<br>3. Computers-02 (for microscopic data-01 and for students-10<br>4. Printer-01 | | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 3. | डा0 रमा कान्त, एसो0प्रो0, वनस्पति विज्ञान विभाग, | 1. Offline UPS for Labs instruments<br>2. Computer-02<br>3. Printer-01<br>4. Chair for Teacher-01<br>5. Students chair-05 | | विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 4. | सहायक कुलसचिव (गोपनीय) | 1. One Printer | | संस्तुति की जाती है। |
| 5. | डा0 मनोज कुमार अग्रवाल समन्वयक | 1. One Photostate Printer | | स्ववित्त पोषित विभाग द्वारा अपने स्वयं के स्ववित्त पोषित वजट से लेने की संस्तुति की जाती है। निदेशक/समन्वयक ~~विभागीय समिति~~ के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। |
| 6. | प्रो0 एच0एस0सिंह, जन्तु विज्ञान विभाग | 1. Web Cam (Logitech C920)- 01<br>2. Microphone (Blue mictophone Yeti)-01<br>3. Multimedia Speaker (Philips MMS1400/94)-01<br>4. Samsung galaxy Tab 6 | | पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमत अधिकतम रू0 6000/- तक कुल समस्त ऑनलाईन शिक्षण सामग्री को जैम के माध्यम से क्रय किया जा सकता है। |
| 7. | प्रो0 ए0 के0 चौबे, जन्तु विज्ञान विभाग | 1. Samsung Galaxy Tab 6 (Model-SM-T865NZAA)<br>2. Sony Ear buds (WF-XB700 | | पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमत अधिकतम रू0 6000/- तक ऑनलाईन शिक्षण सामग्री जैम के माध्यम से क्रय की जा सकता है। |
| 8. | प्रो0 नीलू जैन गुप्ता, जन्तु विज्ञान विभाग | 1. Samsung Galaxy Tab 6 (Model-SM-T865NZAA)<br>2. Sony Ear buds (WF-XB700) | | पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमत अधिकतम रू0 6000/- तक ऑनलाईन शिक्षण सामग्री जैम के माध्यम से क्रय की जा सकती है। |
| 9. | प्रो0 संजय कुमार भारद्वाज, जन्तु विज्ञान विभाग | 1. Samsung Galaxy Tab 6 (Model-SM-T865NZAA)<br>2. Sony Ear buds (WF-XB700) | | पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमत अधिकतम रू0 6000/- तक ऑनलाईन शिक्षण सामग्री जैम के माध्यम से क्रय की जा सकता है। |
| 10. | प्रो0 योगेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग | New Xerox Machine or repair old departmental Xerox machine | | विक्रेता से मरम्मत सम्बन्धी आख्या प्राप्त कर जा जाए। विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य के साथ पुनः प्रस्तुत करने की संस्तुति की जाती है। |

उक्त के सम्बन्ध में समिति निम्नांकित संस्तुति भी करती है :-

9/12/2020

1. वर्तमान में विभिन्न विभागों से व्यक्तिगत रूप से मांग की जा रही है। व्यक्तिगत मांग न करते हुए विभागीय समिति के माध्यम से औचित्य सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाए और प्रस्ताव के साथ विभागीय वजट व क्रय किये जाने में अनुमानित व्यय की आख्या का भी उल्लेख किया जाए।
2. विभागों के सभी शिक्षकों को आवश्यकतानुसार समान रूप से सुविधा प्रदान की जाए।
3. किसी भी वस्तु का क्रय करने के लिए स्ववित्त पोषित विभागों को अपने स्वयं के स्ववित्त पोषित वजट से अनुमति प्रदान की जा सकती हैं।
4. किसी विभाग के शिक्षक द्वारा लैपटाप मांगे जाने पर कम से कम 4 वर्ष के अन्तराल में अनुमति प्रदान की जाए। साथ ही साथ अनुमानित कीमत रू0 एक लाख से कम होनी चाहिए।
5. किसी भी समान को क्रय करने के पश्चात् विभाग की पंजीयन पुस्तिका में अंकित किया जाना अनिवार्य हों।
6. विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में अनुमत रू0 6000/– तक ऑनलाईन शिक्षण सामग्री का क्रय GeM portal से क्रय करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है।
7. विभागों द्वारा विभागीय समिति कराकर औचित्य के साथ पुनः प्रस्ताव दिनांकः 21.12.2020 तक प्राप्त कर लिए जाएं। औचित्य निर्धारण हेतु यह उल्लिखित किया जाये कि
   I. वह उपकरण विभाग में पूर्व से उपलब्ध है/नहीं है/मरम्मत करने योग्य है, उसकी अधिक संख्या में आवश्यकता होने के कारण मांग की जा रही है।
   II. उस उपकरण का विभाग द्वारा व महाविद्यालयों द्वारा भी optimal उपयोग किया जा सकता हैं।
   III. उसका अनुमानित मूल्य क्या है।
8. कोई मरम्मत की आवश्यकता है या नहीं इसका निर्धारण वित्त अधिकारी/विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा औचित्य निर्धारण किया जाए और मरम्मत में होने वाले अनुमानित व्यय के साथ औचित्य समिति को प्रेषित किया जाए।
9. फर्नीचर क्रय करने के लिए वित्त अधिकारी/विश्वविद्यालय अभियन्ता को विभागीय समिति/समन्वयक/निर्देशक के माध्यम से औचित्य के साथ प्रेषित किए जाए।
10. स्ववित्त पोषित विभाग के निर्देशक/समन्वयक के द्वारा औचित्य व वजट सहित प्रेषित किए जाएं। विभाग के बजट का भी उल्लेख किया जाए।

9/12/20
(प्रो0 वाई0 विमला)

9/12/2020
(प्रो0 नवीन चन्द लोहनी)

(प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता)

9/12/2020
(प्रो0 हरे कृष्ण)

(प्रो0 एस0एस0 गौरव)

(प्रो0 जयमाला)

मानीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ 9/12/20

Approved
04/01/21

F.O.
For necessary action please.
4/1/21